काजड़ा में पीएमश्री नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों से रूबरू हुए उपराष्ट्रपति

मोबाइल पर स्क्रीन टाइम एक सीमा तक ही ठीक है : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

सूरजगढ़, (निसं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ के समीप काजड़ा के दौरे पर रहे। इस मौके पर उन्होंने विश्व बाल दिवस के मौके पर पीएमश्री नवोदय विद्यालय काजड़ा के विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञानम् अहम् है, इसे हमें समझना होगा, लेकिन संस्कार भी उतने ही जरूरी है। स्कूल-कॉलेजों में अच्छे शिक्षक हमें ज्ञान और संस्कार देते हैं, लेकिन असली संस्कार हमें अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी से मिलते हैं।

पीएमश्री नवोदय विद्यालय काजड़ा में कार्यक्रम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संबोधित किया

- 'स्कूल-कॉलेजों में अच्छे शिक्षक हमें ज्ञान और संस्कार देते हैं, लेकिन असली संस्कार हमें अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी से मिलते हैं'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे खुद शिक्षा की ही देन है। उनका जन्म किठाना में हुआ, लेकिन जब वे सैनिक स्कूल में पढ़ने गए तो वहां पर उनका एक नया जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि उनमें जो संस्कार है वो उनके माता-पिता, दादी, पड़दादी, नानी से मिले। वो उतने पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन बिना पढ़ा-लिखा व्यक्ति विद्वान नहीं होता। यह धारणा गलत है। इस मौके पर उन्होंने स्कूल और कॉलेजों के बच्चों को सीख देते हुए यह भी कहा कि आज आप जिस उम्र में है, या फिर कॉलेज तक जो बच्चे पढ़ते हैं उनमें स्पोटर्स को लेकर रूचि नहीं है। मोबाइल का उपयोग करते हैं, लेकिन मोबाइल पर स्क्रीन टाइम एक सीमा तक ही ठीक है। मोबाइल की स्क्रीन वहम, आदत और हमारी प्राथमिकता बन जाए तो हम काफी चीजों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खेल मैदान में जाकर शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए।

इससे पहले स्कूल परिसर में पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल संजय यादव की अगुवाई में स्टाफ सदस्यों ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उपराष्ट्रपति धनखड़ व उनकी पत्नी ने पौधा लगाया। जहां पर उन्होंने बच्चों से और खासकर नवोदय विद्यालय समिति की आयुक्त प्राची पांडे से आव्हान किया कि वे एक मिशन के रूप में अभियान चलाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की तरह एक पेड़ दादा-दादी, नाना-नानी के नाम से लगवाएं, जिसके बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व अन्य अतिथि मंच पर पहुंचे। जहां पर दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन नवोदय विद्यालय समिति के सहायक आयुक्त सोमवीर पूनियां ने किया।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव और नवोदय विद्यालय समिति की आयुक्त प्राची पांडे ने पौधा देकर और बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग देकर उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ का स्वागत किया। वहीं नवोदय विद्यालय समिति के संयुक्त आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार, प्रिंसिपल संजय यादव, वाइस प्रिंसिपल सत्येंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ग्रामीण अंचल की जड़ें मजबूत होनी चाहिए। प्रधान बलवान रघुनाथपुरा तथा सरपंच मंजू तंवर का नाम लेते हुए धनखड़ ने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि यहां मौजूद है, इन्होंने सामाजिक हिस्सेदारी को एक उंचाई दी है। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना करते हुए इसे एक गेम चेंजर बताया।

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने अपने चिर परिचित अंदाज में नवोदय विद्यालय काजड़ा के सभी बच्चों को दिल्ली आने का न्यौता दिया। काजड़ा दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ पारिवारिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। अपने परिवार में भाई सुरेंद्र ठोलिया के पुत्र रवि ठोलिया के शादी समारोह के कार्यक्रम में सूरजगढ़ कस्बे के वार्ड नंबर तीन में उप राष्ट्रपति पहुंचे, जहां पर वे काफी देर रूके और परिवार को बधाई दी।

चोरी करके भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़ा

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र की विनायक सिटी कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस बीच, जाग होने पर चार चोर दो बाइक पर सवार होकर भागने लगे, जिनका कॉलोनी के लोगों ने पीछा करते हुये एक चोर को दबोच लिया, जबकि तीन अन्य भाग गये।

सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओमनगर क्षेत्र स्थित विनायक सिटी निवासी आशा पत्नी स्व. रामप्रसाद वैष्णव पारिवारिक कार्यक्रम के चलते बाहर गई हुई थी। इस दौरान मकान सूना होने पर चोरों ने रात करीब 2.30 बजे मकान के ताले तोड़ दिये। चोरों ने मकान में प्रवेश कर सार-संभाल करते हुये मकान में पट्टा, रजिस्ट्री व स्टांप के लिए रखे 80 हजार रुपये नकद, तीन गुल्लक जिनमें एक साल के पैसे रखे थे और एक-डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन और एक किलो चांदी के जेवरात और दस्तावेज, कपड़े व बैग चुरा लिये। वारदात के दौरान ही कॉलोनी के बाशिंदों की नींद खुल गई, जिससे हल्ला मच गया। चोर अपने साथ लाई दो बाइक पर सवार होकर भागने लगे। इस पर कॉलोनी के बाशिंदों ने भी उनका पीछा किया। सुवाणा के नजदीक दो बदमाशों की बाइक फिसल गई और वे नीचे गिर पड़े। एक बदमाश उठकर पैदल ही, जबकि दो अन्य बदमाश अपनी बाइक सहित भाग छूटे। वहीं बाइक से गिरे एक बदमाश को लोगों ने दबोच कर पुलिस को सूचना दी।



लोगों ने चोर को पकड़ा।

- चोरों ने सूने मकान से नकदी सहित लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी की वारदात की थी
- जाग होने पर चार चोर दो बाइक पर भागने लगे, जिनका कॉलोनी के लोगों ने पीछा किया

सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गये बदमाश व वारदात में काम ली बाइक को डिटेन कर थाने ले गई। पकड़े गये आरोपित ने पूछताछ में खुद को आरजिया निवासी अर्जुन पुत्र मानू कंजर बताया है, जबकि भागने वाले तीन अन्य को अपना रिश्तेदार होने की बात कबूल की है। पुलिस ने आशा देवी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर आरोपित अर्जुन से पूछताछ शुरु कर दी।

ठगी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। विदेश भेजने का झांसा देकर छह लाख रुपए की ठगी के मामले में पांच माह से फरार दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जांच पूरी कर न्यायिक हिरासत में भी भिजवा दिया है।

पुरानी आबादी एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि आरोपी रघुवीरसिंह पुत्र जलवंतसिंह निवासी चक एक वी केसरीसिंहपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया है। प्रकरण के मास्टर माइंड मुख्य आरोपी नवनीत सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया जा चुका है।

मामले में पीड़ित विश्वास जाट निवासी कोहला, हनुमानगढ़ ने परिवाद दिया था। इसमें आरोप थे कि नवनीत सोनी पुत्र जीत सोनी तथा रघुवीर सिंह पुत्र जलवंत सिंह जो दुर्गा टावर श्रीगंगानगर में नवल इमिग्रेशन के नाम से ऑफिस चलाते थे। विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। इसको लेकर कोतवाली में पंजाब के दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल सत्यनारायण कूकणा को जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार परिवादी सेतिया फार्म निवासी पूर्णराम ने आरोप लगाए हैं।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

पाली, (निसं)। डेढ़ साल पहले एक नाबालिग को शादी की नीयत से अपहरण कर ले जाने और उसे पत्नी की तरह रखकर रेप कर एक बच्ची की मां बनाने के मामले में बुधवार पाली के पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 के जज जगदीश जाणी ने सुनवाई की, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद अभियुक्त नैनूलाल को नाबालिग का अपहरण उससे जबरदस्ती कर उसे मां बनाने का दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।

पाली के पोक्सो कोर्ट संख्या 2 विशिष्ठ लोक अभियोजक मनीष ओझा ने बताया कि पाली जिले के सोजतरोड थाने में 9 फरवरी 2023 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि उसके पास नैनूलाल पुत्र ओमप्रकाश कोयला का काम करता था जो 8 फरवरी 2023 की रात को उसकी नाबालिग भतीजी को शादी की नीयत से अपहरण कर ले गया। रिपोर्ट में बताया कि नाबालिग भतीजी अपने साथ घर में रखे चांदी के जेवर और 25 हजार रुपए भी ले गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और नाबालिग और आरोपी की तलाश शुरू की। पांच महीने पहले पुलिस ने आरोपी भीलवाड़ा जिले के अमरावासी देवली (हनुमान नगर) निवासी 22 साल के नैनूलाल पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

दुष्कर्मी को सजा

झुंझुनूं, (निसं)। नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को झुंझुनूं पॉक्सो न्यायालय ने 20 साल जेल और जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायाधीश इसरार खोखर ने फैसला सुनाकर आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ संजू को दंडित किया। मामले के अनुसार जून 2021 को एक व्यक्ति ने बुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें आरोपी के खिलाफ नाबालिग बच्ची को घर भागा ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार कर पॉक्सो न्यायालय झुंझुनूं में चालान पेश किया। पीड़ित पक्ष की ओर से लोक अभियोजक सुरेन्द्र भांबू ने पैरवी की। उन्होंने 12 गवाह व 26 दस्तावेज पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ संजू को दोषी माना।

फाइनेंसकर्मी से नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। बाइक सवार फाईनेंसकर्मी से नकदी लूटने वाले नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित निलेश गुठार पुत्र अम्बालालनिवासी निकोट देवगढ प्रतापगढ हाल सेंटर मैनेजर एयु स्माल फाईनेंस बैग बडला खेरवाड़ा ने ऋषभदेव पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 7 नवंबर सांय मैं बाइक पर ऋषभदेव कस्बे में विभिन्न गांवों से स्वयं सहायता समूहों का कलेक्शन लेकर वापस बाइक पर खेरवाड़ा की तरफ लौट रहा था। बीच रास्ते में लूट की वारदात हो गई।

सरस डेयरी बूथ संचालक की हत्या, आरोपी फरार

- युवक ने चेहरे पर पहले मिर्ची स्प्रे किया, फिर चाकू से हमला कर हत्या कर दी
- हमलावर मृतक के गांव का ही रहने वाला है, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई

अजमेर, (कासं)। अजमेर के रामगंज थाना क्षेत्र के दौराई में बुधवार को सरस डेयरी बूथ संचालक युवक की दिनदहाड़े हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक के चेहरे पर हमालवर ने पहले स्प्रे किया और फिर चाकूओं से ताबड़तोड़ वार किए, जिसमें युवक की मौत हो गई। हमलावर मृतक के गांव का ही रहने वाला है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया कि दौरान निवासी किशनलाल जाट पुत्र रघुवीर लाल दौराई मेला मैदान के पास डेयरी बूथ संचालित करता है, गुरुवार को जब किशनलाल डेयरी में बैठा था। तभी दौराई निवासी दिलीप जाट पुत्र पुत्र शंकर जाट वहां आया और आंखों पर मिर्ची स्प्रे कर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, वारदात अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। अचानक हुए इस हमले में किशनलाल संभल नहीं पाया और अचेत होकर नीचे गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल किशनलाल को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई हंसराज ने रामगंज थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि परिजन ने अभी हादसे के कारणों का खुलासा नहीं किया है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात :- डेयरी बूथ में अंदर व बहार लगे सीसीटीवी कैमरों में वारदात की लाइव तस्वीरे कैद हो गई है। आरोपी युवक बेखौफ होकर तेज कदमों से चलता हुआ डेयरी बूथ में आता है और जेब में मिर्ची स्प्रे को निकाल कर बिना बातचीत किए उसके आंखों में छिड़क देता है इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौके से फरार हो जाता है। परिजन ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पुलिस को सौंप दी है।

डिस्कॉम ठेकाकर्मी की मौत पर एमडी ऑफिस का घेराव

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम के एक ठेकाकर्मी की करंट से मौत के मामले में परिजनों और समाज के लोगों ने बुधवार को एमडी ऑफिस का घेराव कर धरना दिया और मृतक की आश्रित पत्नी को सरकारी नौकरी व आर्थिक मुआवजा देने और घटना में दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार सालावास बिजलीघर में मंगलवार दोपहर लिफ्टर का कार्य करने वाले ठेकाकर्मी जोलियाली निवासी सुभाष विश्नोई की करंट से मौत हो गई थी। ट्रांसफार्मर को करंट से जांचा जा रहा था, तब उसका हाथ उससे टच हो गया। करंट लगने पर आनन-फानन में कर्मचारी उसे निजी अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में शव पोस्टमार्टम के लिए एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में भेजा। सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने के लिए समाज के प्रतिनिधि और रिश्तेदार आए, जिनसे देर रात तक वार्ता चली। बुधवार सुबह परिजन और समाज के लोग न्यू पावर हाउस स्थित एमडी ऑफिस पहुंचे और वहां धरना देकर बैठ गए। उन्होंने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने सहित घटना के दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। धरने पर जिला परिषद के उप जिला प्रमुख विक्रम बिश्नोई, अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया, जोलियाली सरपंच प्रतिनिधि पांचाराम विश्नोई, शैतान राम, पूसाराम बेनीवाल, श्रवण बेनीवाल, रामप्रताप फौजी, बंशीलाल, किशनाराम विश्नोई, सुनील और अशोक और समाज के अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। इस संबंध में विवेक विहार थाने में मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला भी दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- सरकारी नौकरी, आर्थिक मुआवजा व दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग

मृतक सुभाष भंवरिया कंस्ट्रक्शन के लिए लिफ्टर के रूप में क्रेन या अन्य उपकरण से ट्रांसफार्मर को हटाने-उठाने का काम करता था। जब एलटी लाइन से ट्रांसफार्मर में करंट छोड़कर रीडिंग लेने का कार्य हो रहा था, तभी अचानक सुभाष का हाथ 11 केवी के खूंटे को छू गया और वह अचेत हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। सुभाष की दो बेटियां हैं। साथ ही वृद्ध माता-पिता और बड़े भाई के परिवार की जिम्मेदारी भी सुभाष पर थी। बड़े भाई की कोविड 19 में मौत हो गई थी।

पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। बड़गांव थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद की तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर चाकू बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में आईसी थाना बडगांव रणजीतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान वामेश्वर महोदव मंदिर पालडी के पास से करण नकवाल उर्फ गुनगुन पुत्र विक्रम नकवाल निवासी विजयसिंह पथिक नगर कच्ची बस्ती सेक्टर 9 सविना के कब्जे से एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन बरामद की तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर उसके कब्जे से चाकू जब्त व स्कूटी जब्त की।

हथियारों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

रात को पिस्टल लेकर घूम रहे थे, घबराए तो पुलिस ने दबोचा

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले के लालगढ़ जाटान और हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र में 3 बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनसे 2 पिस्टल और 1 मैगजीन जब्त किया गया है। ये बदमाश हथियार लेकर रात को सड़क पर घूम रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर घबराए तो पुलिस ने इन्हे दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार पुलिस को इलाके में युवकों के पास हथियार होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखते ही आरोपी घबरा गए। इस पर पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो आरोपियों के पास हथियार बरामद हुए। लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में नौ एलएलजी रोड पर ईंट-भट्टा के पास रात को पुलिस को युवक के पास पिस्तौल और मैगजीन होने का पता लगा। एएसआई साहबराम ने टीम सहित कार्रवाई कर वहां से युवक अनूपगढ़ निवासी जगदीप सिंह पुत्र दिलावर सिंह और गांव सात एलसी निवासी भजनलाल पुत्र मामराज को गिरफ्तार किया।

वहीं हिंदुमलकोट रोड पर एएसआई सत्यप्रकाश ने पंजाब के मलोट जिले के सदर थाना क्षेत्र मिढा के रहने वाले अर्शदीप पुत्र गुरमेलसिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। उनसे इस इलाके में पिस्तौल लाने के पीछे उनके इरादे के बारे में पता किया जा रहा है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह पिस्तौल कहां से लेकर आया है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

ट्रेन को आगे-पीछे कर एक घंटे बाद निकाला शव, डिप्रेशन में थी युवती

झुंझुनूं, (निसं)। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। ट्रेन चपेट में आकर युवती इंजन के पास फंस गई जिससे काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। परिजनों के मुताबिक युवती डिप्रेशन में थी। वह अविवाहित थी और घर पर ही रहती थी।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं शहर के गुढ़ा रेलवे फाटक के नजदीक मंगलवार रात मोनिका (20) पुत्री सांवरमल की ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन के लोको पायलट को जब यह अहसास हुआ कि ट्रेन ने नीचे कुछ आ गया है तो उसने ट्रेन रोक दी। गार्ड ने नीचे उतरकर देखा तो कुछ नजर नहीं आया। इसके बाद ट्रेन को थोड़ा पीछे लिया तो इंजन के पास युवती का शव फंसा हुआ दिखा। फिर ट्रेन थोड़ा आगे लेकर करीब पांच सौ मीटर पीछे लेने के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। बुधवार को पुलिस ने मृतक का राजकीय बीडीके अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतका शहर के वार्ड 23 खटिकों का मोहल्ला निवासी मोनिका (20) पुत्री सांवरमल थी। वह मंगलवार रात को गुढ़ा फाटक से पहले रेवाड़ी से सीकर जाने वाली ट्रेन के आगे आ गई थी। इससे उसकी मौत हो गई। शव बुरी तरह से फंस गया था। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। करीब एक घंटे तक ट्रेन रुकी रही।

एएसआई ओमप्रकाश शर्मा ने बताया किपरिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसके कारण ट्रेन के नीचे आने से हादसा हो गया। परिजनों की रिपोर्ट पर पोस्टमॉर्टम कराकर शव सौंप दिया है। मृतका अविवाहित थी और घर पर ही रहती थी। घटनाक्रम के दौरान लड़की के परिजनों के साथ मौजूद रहे स्थानीय पार्षद विजेंद्र लाम्बा ने बताया कि मोनिका के पिता मजदूरी करते हैं जबकि मां गृहिणी है। तीन भाई-बहनों में मोनिका सबसे बड़ी थी और बहन-भाई उससे छोटे हैं।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। कल्याणपुर थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित नाना पुत्र दिता डामोर निवासी नीचली कटेव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी जिसमें उसने बताया कि 30 अक्टूबर रात में मेरा पुत्र राशन का सामान लेकर पंडयावाड़ा गांव से घर आ रहा था।

बीच रास्ते में हीरा पुत्र रामा की दुकान के पास खड़े संदीप पुत्र सुरेश, बाबू पुत्र कांतिलाल व अन्य पांच साथियों ने मेरे पुत्र राजेन्द्र कुमार व उसके साथी सुनील पुत्र जयंतिलाल, विक्रम पुत्र सुरेश पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। मेरे पुत्र राजेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। सुनील व विक्रम घायल हुए थे।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में कल्याणपुर थानाधिकारी उम्मेदीलाल के नेतृत्व में गठित दल ने हत्या के मामले में फरार आरोपी सुनिल उर्फ सोनु पुत्र भंवरलाल यादव निवासी यादव मोहल्ला नवाडेरा आकाशवाणी के पीछे डूंगरपुर को गिरफ्तार किया। मामले में पूर्व में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया जा चुका है।

समरावता गांव की घटना की न्यायिक जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन

मीणा विकास शोध संस्थान ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले के देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव में समरावता गांव में हुई घटना को लेकर बुधवार को मीणा विकास एवं शोध संस्थान अजमेर के पदाधिकारियों व मीणा समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर लोक बंधु को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से घटना की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

संस्थान के अध्यक्ष रामनाथ मीणा ने घटना की आलोचना करते हुए कहा कि आजाद भारत में जलियांवाला कांड की तरह पुलिस ने निहत्थे ग्रामीणों को लाठियों से पीटा और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गांव में वाहनों को भी आग लगाई, मकानों के दरवाजे तोड़ दिए। इतना ही नहीं पुलिस ने बेकसूर लोगों के खिलाफ झूंठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया, जबकि देवली उनियारा विधानसभा के उपचुनाव के दौरान समरावता गांव के नागरिकों द्वारा उनकी पंचायत को देवली से उनियारा उपखंड में शामिल करने की मांग को नहीं मानने के विरोध में मतदान का बहिष्कार करने के निर्णय लिया था। यदि प्रशासन चाहता तो यह घटना नहीं होती, ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन पहले ही निर्णय कर सकता था, लेकिन प्रशासन के ठीले रवैये के चलते प्रदेश में इतनी बड़ी घटना हुई।

मीणा विकास एवं शोध संस्थान अजमेर के पदाधिकारियों व मीणा समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

मीणा ने कहा कि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से कानून व्यवस्था को बनाए रखने में विफल रहा। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा और एसडीएम थप्पड़ प्रकरण के बाद जिस प्रकार पुलिस का रवैया रहा, वह सही नहीं था। दूसरे दिन ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के दौरान नरेश को गिरफ्तार करने और उसके बाद पुलिस कार्यवाही पूरी तरह से गलत थी। पुलिस ने ही ग्रामीणों को भड़काने वाला काम किया। जिस वजह से प्रदेश में भाजपा सरकार की किरकीरी हुई। संस्थान ने न्यायिक जांच करवाने और दोषी पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही ग्रामीणों को हुए नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जाने की भी मांग की गई है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की